हृदय रोग से बचाव की जानकारी दी

बीकानेर,(कासं)। कोठारी हॉस्पिटल में आज नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया।

सेवानिवृत बैंकर्स के संगठन के सचिव आर. के. शर्मा ने बताया कि प्रात: 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में डॉ. गौरव माथुर ने ऑल इंडिया रिटायर्ड बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के सेवानिवृत बैंकर्स ने हृदय रोग से संबंधित जानकारी दी तथा बचने के उपाय बताए। शिविर संयोजक मदन मोहन लाल पुरोहित ने बताया कि इससे पहले 94 बैंकर्स का पंजीकरण किया गया तथा 75 से अधिक बैंकर्स की ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी व रक्तचाप की नि:शुल्क जांच की गई तथा डॉ. गौरव माथुर द्वारा सभी रिपोर्ट की जांच कर नि:शुल्क परामर्श भी दिया।

इनमें से 6 रोगियों को नि:शुल्क ईको जांच के लिए भी चिन्हित किया। संगठन अध्यक्ष भूदेव शर्मा ने बताया कि इससे पहले अस्पताल के सेमीनार कक्ष में स्लाइड के माध्यम से हृदय रोग से संबंधित विशेष जानकारी दी गई। जितेन्द्र माथुर, वी. के. शर्मा, सैयद मुश्ताक अली व सतेन्द्र शर्मा द्वारा रोग से संबंधित जानकारी दी।

शिविर समापन पर डॉ. गौरव माथुर, डॉ. ओ. पी. श्रीवास्तव, महाप्रबंधक मोहित जोशी व रवि परमार, एस. के. बिस्सा, के. एन. जोशी, नंदलाल पंचारिया, भूदेव शर्मा, गौरीशंकर खत्री, एमएमएल पुरोहित व आर. के. शर्मा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

'अगर पारदर्शिता से काम करते हैं तो हमें डरने की जरूरत नहीं'

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विकास निदेशालय में आयोजित इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अरूण कुमार, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी और सूचना का अधिकार अधिनियम विशेषज्ञ अमित व्यास थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री ने की।

- **सूचना का अधिकार अधिनियम को लेकर कार्यशाला का आयोजन**

राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम पर आयोजित कार्यशाला को कुलपति डॉ. अरूण कुमार ने संबोधित किया।

कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कहा कि यह कृषि विश्वविद्यालय उत्कर्ष कार्य कर रहा है। यहां पूरी पारदर्शिता से ही सभी कार्य हो रहे हैं। काम करते हैं तो कुछ गलतियां भी हो सकती हैं। लेकिन इससे किसी को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। किसी भी आरटीआई का नियमानुसार जवाब दें। पद और विश्वविद्यालय की गरिमा बनी रहे। सभी को इसका विशेष खयाल रखना चाहिए। कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी ने कहा कि हम अगर पारदर्शिता से काम करते हैं तो हमें किसी से चिंतित होने की जरूरत नहीं है। आरटीआई एक्ट से भी नहीं। सरकार कोई भी एक्ट लाती है तो उसका विजन होता है। आरटीआई एक्ट भी सरकारी कामकाज में पारदर्शिता को लेकर लाया गया था। सभी पारदर्शिता के साथ बेहतरीन कार्य करें।

वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री ने कार्यशाला की शुरूआत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि पारदर्शिता सुशासन की चाबी है। जनता के टैक्स से सरकार चलती है तो जनता को भी अधिकार होना चाहिए कि वो सरकारी कामकाज को पारदर्शिता के साथ जान सकें। लेकिन हम जो भी कार्य करते हैं उसे वेबसाइट या पोर्टल पर भी अपलोड कर देते हैं। आरटीआई लगाने वाले ज्यादातर लोग वही हैं जो वेबसाइट या पोर्टल नहीं देखते। कुछ लोग दुष्प्रेरित होकर किसी के प्रति आरटीआई लगाते हैं जो खेदजनक है।

कार्यशाला में आरटीआई एक्ट एक्सपर्ट अमित व्यास ने आरटीआई के विभिन्न आयामों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आरटीआई से घबराने की जरूरत नहीं है। आरटीआई का पहला थंब रूल यही है कि आपको देखना है कि आरटीआई व्यक्तिगत श्रेणी की है या सार्वजनिक श्रेणी की। अगर व्यक्तिगत श्रेणी की है तो उसकी जानकारी नहीं देनी है। अगर सार्वजनिक श्रेणी की है तो उसका नियमानुसार समयबद्ध जवाब दें। कार्यक्रम में सभी डीन डायरेक्टर समेत कृषि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक स्टाफ भी मौजूद रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ सुशील कुमार ने किया।

जिला स्तरीय हेरिटेज समिति गठित

बीकानेर,(कासं)। हेरिटेज सरंक्षण की दिशा में पहल करते हुए जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिला स्तरीय हेरिटेज समिति का गठन किया है।

यह समिति बीकानेर की ऐतिहासिक इमारतों, हवेलियों, कुओं, बावड़ियों व सांस्कृतिक महत्त्व के स्मारकों के सरंक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कार्य करेगी। समिति का मुख्य कार्य हेरिटेज संबंधित गतिविधियों की निगरानी, हेरिटेज वॉक के माध्यम से टूरिज्म को बढ़ावा एवं बीकानेर के पारम्परिक क्राफ्ट, खान-पान एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का संवर्धन रहेगा। समिति की अनुशंषा पर नगर निगम में हेरिटेज सेल का गठन भी किया जायेगा। जिससे शहरी परकोटे की ऐतिहासिक इमारतों को सुरक्षित रखा जा सकेगा। जयपुर हेरिटेज की तर्ज पर बीकानेर को हेरिटेज सिटी बनाने की दिशा में भी यह समिति प्रस्ताव तैयार करेगी।

कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्य सचिव नगर निगम आयुक्त होंगे। इसमें पुलिस अधीक्षक, नगर विकास न्यास सचिव, अभिलेखागार निदेशक, जिला परिवहन अधिकारी, पीडब्लयूडी, विद्युत और नगर निगम के अधीक्षण अभियंता, वरिष्ठ नगर नियोजक, पुरातत्व विभाग के वृत्त अधीक्षक, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक, यातायात पुलिस के उप अधीक्षक पदेन सदस्य होंगे। वहीं होटल व्यवसाय, टूर एंड ट्रैवल एजेंसी, स्वयंसेवी संस्थान तथा हवेली संगठन के प्रतिनिधि भी इसके सदस्य होंगे।

सार-समाचार

ज्वैलरी व मेहंदी का प्रशिक्षण दिया

आद्य श्री महिला स्वरोजगार कार्यशाला में प्रशिक्षित महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए।

बीकानेर, (कासं)। पवनपुरी साउथ में रोट्रैक्ट क्लब ऑफ बीकानेर द्वारा ब्लू मून चैरिटेबल स्कूल में तीन दिवसीय महिला स्वरोजगार कार्यशाला का शनिवार को समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य स्वरोजगार अपनाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। क्लब सचिव अनमोल पारीक ने बताया कि कार्यशाला में नि:शुल्क ज्वैलरी व मेहंदी का प्रशिक्षण दिया गया। चैरिटेबल स्कूल संस्थापक डॉ. अर्पिता गुप्ता ने कहा महिलाएं स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर हो सकती हैं। अपने हुनर से बनाएं पहचान। जरूरत है बस अपने अंदर की छुपी प्रतिभा को पहचानने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी संजीव कश्यप ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में डॉ. गुप्ता व रोट्रैक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में यह कदम सभी स्तरों पर महिलाओं की बेहतर शिक्षा और कौशल-वृद्धि करेगा जो सराहनीय है। क्लब सदस्य गौरव चौधरी, काव्य अग्रवाल ने भविष्य में भी क्लब द्वारा महिलाओं के लिए इस तरह की कार्यशाला लगाए जाने का आश्वासन दिया। कार्यशाला में प्रतिभा उपाध्याय, मेधा कौशिक, दीपिका सुथार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सभी प्रतिभागियों को क्लब द्वारा सर्टिफिकेट दिए गए। कार्यशाला को सफल बनने में स्नेहा शर्मा व रूखसार का सहयोग रहा। कार्यक्रम में कृष्ण, ज्योति वर्मा, मोहिनी खत्री, सरोज बिनवारा, लीलावती बिनावरा, पूजा मेघवाल, सीता मेघवाल आदि उपस्थित थे।

राम कथा में प्रवचन

न्यास एवं पर्यावरण पोषण यज्ञ समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राम कथा में प्रवचन देते आचार्य कुलदीप।

बीकानेर, (कासं)। न्यास एवं पर्यावरण पोषण यज्ञ समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राम कथा एवं प्रवचन में आज आचार्य कुलदीप उपस्थित दर्शकों के मध्य संगीतमय राम कथा करते हुए श्रीराम के व्यक्तित्व एवं उनके जीवन को भारतीय समाज के लिए आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि राम के द्वारा अपने भाईयों का प्रेम, पिता की आज्ञा, माता का सम्मान, धर्म का पालन, अपनी प्रजा की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति का ध्यान रखना सर्वश्रेष्ठ आदर्श की स्थापना है। आज का समाज और युवा वर्ग यदि उनके द्वारा स्थापित आदर्श का पालन कर लें तो निश्चित रूप से भारत संपूर्ण विश्व में अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर सकता है। आज श्रीराम के साथ सीता माता के विवाह का संगीतमय वर्णन दर्शकों के मन में एक अमिट छाप छोड़ गया। उपस्थित दर्शकों ने भजनों का भी आनंद लिया। आचार्य प्रद्युम्न एवं आचार्य रविशंकर ने अपने प्रवचनों में वेदों और उपनिषदों के माध्यम से मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। यदि मनुष्य किसी भी समस्या का समाधान चाहता है तो उसे अपने गुरू या भागवत गीता का आश्रय लेना चाहिए। निश्चित रूप से उसकी समस्या का समाधान हो जायेगा। व्यक्ति को एक बालक बनकर अपने गुरू की शरण में जाना चाहिए तथा समस्या को निश्चल भाव से अपने गुरू के समक्ष रखना चाहिए। पर्यावरण पोषण यज्ञ समिति के योगेंद्र कृष्णा ने बताया कि राम कथा एवं प्रवचन का आनंद सभी सामान्य जन उठा सकते हैं।

ड्यूटी लगाने पर एसीबीईओ को पीटा

श्रीगंगानगर, (कासं)। 15 जैड गांव के सरकारी स्कूल के अर्थशास्त्र के व्याख्याता पर एसीबीईओ पर जानलेवा हमला करने तथा राजकार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज हुआ है। यह घटना सीबीईओ ऑफिस की है। पीडित एसीबीईओ भंवरलाल शर्मा ने एसपी गौरव यादव को परिवाद देकर मुकदमा दर्ज करवाया है। एएसआई सुरजीत सिंह को मामले की जांच सौंपी गई है। पीडित एसीबीईओ भंवरलाल शर्मा ने परिवाद में एसपी यादव को बताया कि वे 28 से 31 दिसम्बर तक आयोजित हो रही वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा की ड्यूटी लगा रहे थे। रात को 9:48 बजे आरोपी नरेन्द्र विनोचा अपने साथ पांच नकाबपोश गुंडों को लेकर ऑफिस में आ गया। आरोपियों ने पीडित के ऑफिस केबिन में घुसकर गेट को अंदर से लॉक कर लिया। आरोपियों ने पीडित का सिर पकड़कर मेज पर पटककर घायल कर दिया और मारपीट करने लगे। इस दौरान ऑफिस में सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार तथा वरिष्ठ सहायक पवन कुमार भी मौजूद थे। सहायक प्रशासनिक अधिकारी और वरिष्ठ सहायक ने पीडित को आरोपियों से छुड़वाया। आरोपी 15 जैड के स्कूल में अर्थशास्त्र के व्याख्याता पद पर सेवारत है। परीक्षा में ड्यूटी लगाए जाने से आरोपी ने नाराज होकर हमला कर दिया। उसी रात ड्यूटी लगने की सूचना मिलते ही फोन पर धमकाया था। सीबीईओ को सूचना देने को फोन किया लेकिन उन्होंने नहीं उठाया।

नो पार्किंग में खड़े 68 गैस से भरे टैंकर-ट्रकों का चालान

बीकानेर, (कासं)। प्रादेशिक परिवहन विभाग की फ्लाइंग टीम ने बीते 4 दिनों में बीछवाल स्थित इंडेन गैस बॉटलिंग प्लांट के आगे और राजमार्गों पर नो पार्किंग एरिया में खड़े गैस से भरे 68 टैंकर-ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 4 लाख रूपए का जुर्माना वसूला।

- **बीछवाल स्थित इंडेन गैस बॉटलिंग प्लांट के आगे और राजमार्गों पर नो पार्किंग एरिया में खड़े ट्रक -टैंकरों पर कार्रवाई कर 4 लाख रूपये का जुर्माना वसूला**

जिला प्रशासन और परिवहन विभाग का ध्यान आकृष्ट किया था। खबर में इस बात को लेकर भी चिंता जताई गई थी कि बीछवाल स्थित इंडेन गैस बॉटलिंग प्लांट के बाहर गैस से भरे 15-20 ट्रक-टैंकर रोजाना बिना किसी सुरक्षा के खड़े रहते हैं, जो शहर के बीचों-बीच एक बड़ा खतरा पैदा करते हैं। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (आरटीओ) अनिल पण्ड्या ने संज्ञान लिया और विभागीय फ्लाइंग टीम के जरिए गैस बॉटलिंग प्लांट के सामने और अन्य राजमार्गों पर नो पार्किंग का उल्लंघन करने वाले 64 गैस टैंकरों और ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। इन वाहनों से लगभग 4 लाख रूपए का जुर्माना वसूला गया। आरटीओ पण्ड्या ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और भविष्य में गैस टैंकर और ट्रकों से होने वाले संभावित हादसों को रोकने के लिए ट्रक चालकों को रोड सेफ्टी नियमों की जानकारी भी दी जा रही है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस कदम से दुर्घटनाओं में कमी आयेगी और शहर के संवेदनशील इलाकों में ट्रैफिक सुरक्षा बढ़ेगी। गैस टैंकरों के बिना सुरक्षा के खड़े होने से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जायेगा, जिससे शहर में ट्रैफिक और सार्वजनिक सुरक्षा बेहतर होगी। आरटीओ की यह कार्रवाई यह संकेत देती है कि अब कड़े नियमों का पालन कराया जायेगा, जिससे भविष्य में गैस टैंकरों और अन्य भारी वाहनों के चालक नियमों का पालन करेंगे। इस कार्रवाई से अन्य ट्रक चालकों में भी यह संदेश जायेगा कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी, जिससे वे अपनी जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से समझेंगे। गैस टैंकरों और अन्य भारी वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर खड़ा करने के लिए अधिकृत पार्किंग क्षेत्रों का निर्माण हो सकता है, जिससे शहर की सड़कों पर अव्यवस्था कम होगी। इस कार्रवाई के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि शहर में गैस टैंकरों और ट्रकों से होने वाले हादसों में कमी आयेगी व यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

कांपा सहित युवक गिरफ्तार

श्रीगंगानगर,(कासं)। जिला पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों को धारदार हथियारों सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों युवकों को अदालत में पेश कर जेल भिजवा दिया गया है।

पहला मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। बस अड्डा चौकी प्रभारी स्वर्णसिंह ने बताया कि शाम को करीब 6 बजे बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति धारदार कांपा लेकर घूम रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्होंने बताया कि मौके से 3 एल मटीली राठान निवासी अमृतपाल सिंह पुत्र अजायब सिंह को कापे के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच सेतिया चौकी प्रभारी कृष्ण सिहाग को सौंपी गई है। इसी तरह सेतिया चौकी प्रभारी एएसआई कृष्ण सिहाग ने कार्रवाई की। वहां दबिश देकर गौरू पुत्र बलवीर सिंह निवासी गुरुनगर को पकड़ा। उसके पास से भी एक धारदार तलवार बरामद की है। मुकदमे की जांच बस अड्डा चौकी प्रभारी को सौंपी गई है। कोतवाली पुलिस ने दूसरे दिन भी एक युवक को तेज धारदार हथियार के साथ पकड़ा है।

बीकानेर में कोहरा छाया, विजिबिलिटी भी घटी

बीकानेर, (कासं)। यहां अब कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। शनिवार की सुबह कोहरे में लिपटकर आई। 8 बजे तक कोहरा इतना घना रहा कि कुछ दूरी पर भी विजिबिलिटी नहीं थी। मॉर्निंग वॉक करने वालों ने इस मौसम का जमकर लुत्फ उठाया। तापमान में आई गिरावट ने सर्दी का अहसास बढ़ा दिया है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने वाला है।

शनिवार सुबह उठते ही लोगों ने बाहर की ओर झांका तो कोहरा ही कोहरा नजर आया। सुबह आठ बजे तक भी कोहरे के कारण मुख्य मार्गों पर आवाजाही कम रही। शनिवार को सरकारी ऑफिस बंद होने और स्कूलों में इन दिनों छुट्टियां होने के कारण सुबह की रौनक कम है। फिर कोहरे ने इसे और कम कर दिया। अत्यावश्यक होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं।

खास बात ये है कि बीकानेर के तापमान में कोई खास कमी नहीं आई है। शहरी क्षेत्र में कोहरे के बाद भी मौसम विभाग की तापमापी में न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। हालांकि ये पारा शुक्रवार का दर्ज है। शनिवार को इसमें कमी आ सकती है। अधिकतम तापमान भी बीस डिग्री सेल्सियस के आसपास है। ऐसे में दोपहर में कई बार गर्मी भी लगती है। पिछले दो दिन से तापमान भले ही बीस डिग्री सेल्सियस के पास है लेकिन सूर्यदेव के दर्शन फिर भी नहीं हुए। शुक्रवार को भी दिनभर बादलवाही रही, जिससे सर्दी का अहसास ज्यादा रहा। वहीं शनिवार को सुबह से दस बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए।

- **मॉर्निंग वॉक करने वालों ने इस मौसम का जमकर लुत्फ उठाया**
- **तापमान में आई गिरावट ने सर्दी का अहसास बढ़ाया**

हुक्का बार पर पुलिस का छापा, नौ जने गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। कोतवाली थाना पुलिस ने हुक्का बार पर छापा मारकर यहां हुक्के के कश भर रहे नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हुक्का बार शहर में सूरतगढ़ रोड पर न्यू क्लॉथ मार्केट के सामने एक कंपनी के शोरूम के ऊपर चल रहा था।

खुले में शराब पीते पाये जाने पर 23 अन्य लोगों को भी पुलिस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। वहीं चार लोगों को मोटर व्हीकल एक्ट में शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा। कार्रवाई के इंचार्ज एएसपी रघुवीर शर्मा थे। उन्होंने रात करीब आठ बजे कार्रवाई करने वाली टीम के मैम्बर्स को ऑफिस बुलाया। एसपी ऑफिस के स्टाफ, डीएसटी फर्स्ट और सैकंड व ट्रैफिक की टीम गठित कर उन्हें पूरी जानकारी दी गई। इसके बाद टीमों को कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। टीम के पास शोरूम के ऊपर रूफ टॉप हुक्का बार संचालित होने की जानकारी थी। डीएसटी के एक कांस्टेबल को रैकी के लिए भेजा गया। कांस्टेबल का इशारा मिलते ही टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके से नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

- **शहर में सूरतगढ़ रोड पर न्यू क्लॉथ मार्केट के सामने एक कंपनी के शोरूम के ऊपर चल रहा था हुक्का बार**

कांग्रेस नेता श्रीलाल व्यास का निधन

बीकानेर, (कासं)। शहर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीलाल व्यास उर्फ श्रीभा का आज आकस्मिक निधन हो गया।

आज सुबह वे अपने बचपन के अजीज मित्र प्रेम व्यास की पत्नी के निधन पर अंत्येष्टि पर दोस्त के घर गए थे। दोस्त को गले लगाकर सांत्वना दे रहे थे तभी श्री भा को हृदयाघात हुआ। वहां खड़े लोग उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर गए लेकिन उस से पहले ही उनका निधन हो गया। व्यास के निधन की सूचना बीकानेर के हर वर्ग को शोकग्रस्त कर गई। व्यास के निधन पर वरिष्ठ नेता डॉ. बी. डी. कल्ला, जनार्दन कल्ला, यशपाल गहलोत, बिशनाराम सियाग, प्रदेश महासचिव जिया उर रहमान आदि ने शोक प्रकट किया।

रात को गौशाला तोड़ने पहुंची नगर परिषद की टीम

हनुमानगढ़,(कासं)। गांव नवां में रात नगर परिषद की टीम गौशाला तोड़ने पहुंची। नगर परिषद की टीम ने गायों को गौशाला से बाहर निकाल दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे गौ भक्तों ने आक्रोश जताते हुए अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई।

रात 9 बजे नवां गांव में नगर परिषद की भूमि पर चल रहे अस्थाई गौशाला को हटाने नगर परिषद की टीम जेसीबी के साथ पहुंची। उन्होंने गौशाला में बंद गायों को कड़ाके की ठंड में बाहर निकाल दिया। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व प्रांत सह संयोजक आशीष पारीक ने रात को गौशाला तोड़ने और गायों को पीटकर भगाने की कार्रवाई पर आक्रोश जताया। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त पर गंभीर आरोप लगाए। पारीक ने कहा कि गौशाला तोड़ने की कार्रवाई गांव के ही एक कांग्रेस नेता के प्रभाव में आकर की गई है। जो गलत है। अगर ऐसी मनमानी कार्रवाई दोबारा की तो आयुक्त का घेराव किया जायेगा।

साथ ही जयपुर स्तर पर मुख्यमंत्री को अवगत करवाया जायेगा। पारीक ने बताया कि पूर्व में नगर परिषद की सहमति से ही गौ प्रेमियों ने नगर परिषद की भूमि पर निराश्रित पशुओं (गायों) के लिए अस्थाई गौशाला बनाई थी। नजदीक ही रेलवे लाइन होने के कारण निराश्रित पशु आये दिन ट्रेन की चपेट में आ रहे थे। गौ प्रेमियों ने पहल कर निराश्रित पशुओं के लिए अस्थाई गौशाला बनाई थी। आशीष पारीक ने आयुक्त को फोन कर जमकर खरी-खोटी सुनाते हुए कहा कि गौ माता की बेकद्री सहन नहीं की जायेगी।

- **हनुमानगढ़ के नवां गांव में रात को नगर परिषद की टीम गौशाला तोड़ने पहुंची तो बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई**

बीकानेर फुटबॉल क्लब व एलिट क्लब जयपुर के बीच आज होगा फाइनल

बीकानेर, (कासं)। 30 वां राज्य स्तरीय मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आज पहला सेमीफइनल मैच जोधपुर बीकानेर फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया।

बीकानेर फुटबॉल क्लब के अमित ने बेहतरीन गोल करके बीकानेर को 1-0 से बढ़त दिलाई। वहीं बीकानेर फुटबॉल क्लब टीम के विपिन ने दूसरा गोल किया। उसी के साथ तीसरा गोल बीकानेर फुटबॉल क्लब के गौतम ने किया और साथ ही सेकंड हाफ की शुरूआत के 2 मिनट में ही बीकानेर फुटबॉल क्लब को पेनल्टी मिली। वहीं अमित ने एक और गोल कर के टीम को 4-0 से बढ़त दिलाई और इसी के साथ बीकानेर फुटबॉल क्लब के संतोष ने एक शानदार गोल करके बीकानेर फुटबॉल क्लब को 5-0 से बढ़त दिलाई। इसी के साथ संतोष ने बीकानेर फुटबॉल क्लब को 1 और गोल से टीम को 6-0 से बढ़त दिलाई। बीकानेर फुटबॉल क्लब ने इस मैच को जीता और आज के मैच के मैन ऑफ दी मैच जोधपुर के हर्ष रहे। मैच से पूर्व मास्टर बच्ची क्लब के वरिष्ट उपाध्यक्ष लाल व्यास (श्री भा) को श्रद्धांजलि दी गई। इसी के साथ आज का दूसरा सेमीफइनल 3:22 बजे हनुमानगढ़ ने एलीट जयपुर के मध्य खेला गया। मैच के दूसरे हाफ में एलीट जयपुर के महिपत ने शानदार 2 गोल करके अपनी टीम को 2-0 से बढ़त दिलाई। इसी क्रम में एलीट क्लब जयपुर 2-0 से विजयी रही एवं फाइनल में प्रवेश किया। वहीं मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हनुमानगढ़ के सचिन को दिया गया।

समिति के सचिव भरत पुरोहित ने बताया कि 29 दिसम्बर को होने वाला फाइनल मुकाबला बीकानेर फुटबॉल क्लब व एलिट क्लब जयपुर के मध्य दोपहर 3 बजे पुष्करणा ग्राउंड में खेला जायेगा। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मगन सिंह राजवी अर्जुन अवार्डी व अध्यक्षता देव किशन चांडक करेंगे।

मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में मैच खेलते खिलाड़ी।

- **बीकानेर फुटबॉल क्लब 1-0 की बढ़त से फाइनल में पहुंचा**

शतरंज प्रतियोगिता में पहले दिन संयुक्त बढ़त पर रहे शातिर

बीकानेर, (कासं)। खेल लेखक और समीक्षक झंवरलाल व्यास 'रंगीला' की स्मृति में आयोजित हो रही रंगीला स्मृति 18वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में शातिर संयुक्त बढ़त पर रहे।

प्रतियोगिता संयोजक एडवोकेट जुगल किशोर व्यास ने बताया कि पहले दिन का खेल समाप्त होने तक सब जूनियर वर्ग में अमित जाखड़, हिमांशु ओझा, भाविक दम्माणी, माधव जोशी, हर्षित यादव और मानवेन्द्र सिंह तीन तीन अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर रहे। जूनियर वर्ग में आशीष स्वामी और रविकांत मारू ने पहले दिन के तीनों मुकाबले जीत संयुक्त बढ़त बनाई।

इसी प्रकार सीनियर वर्ग में 9 शातिर दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर रहे। इनमें भानू आचार्य, आकाश स्वामी, रामकिशन चौधरी, बी.एल. प्रजापत, आदित्य नैन, वैभव डूडेजा, विकास ठाकुर, मयंक खत्री और अंशुमान टाक शामिल हैं। इसी प्रकार महिला वर्ग में अन्वेषा व्यास, तनीषा पुरोहित, अवंतिका जोशी, यशस्वी चौहान और इति हर्ष ने तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाई।

झंवरलाल व्यास 'रंगीला' स्मृति शतरंज प्रतियोगिता में मोहरे चलते खिलाड़ी।

उन्होंने बताया कि दूसरे दिन के मुकाबले प्रात: 10 बजे से खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में आर्बिटर की भूमिका डीपी छींपा, भानू आचार्य, शुभम पुरोहित, रंजन उपाध्याय और उषा उपाध्याय निभा रहे हैं।